हत्या की आशंका | परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, मृतक के पास मिले नोट में तीन लोगों के नाम लिखे है

# पेड़ की टहनी से लटका मिला युवक का शव

**नवभारत, पथरिया 2 जून।** पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत किन्द्रहो में मंगलवार की सुबह उस वक्त गहमा गहमी का माहौल बन गया जब पेड़ की टहनी से लटका एक युवक का शव मिला। युवक के सब की पहचान इस्माइल खान निवासी किन्द्रहो के रूप में की गई। समस्त घटना की जानकारी मृतक के परिजनों ने पथरिया पुलिस को थाने जाकर दी उसके उपरांत पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर मृतक इस्माइल का पंचनामा तैयार किया उक्त उपरांत एफएसएल डॉग स्कॉट टीम के जरिए भी सुराग लगाने का प्रयास किया गया, परंतु किसी भी प्रकार की पुष्टि युक्त सबूत नहीं मिल सके।



### परिजनों को 5 लोगों पर शक

मृतक के बेटे और परिजनों ने गांव के ही पांच लोग अमर सिंह, लकी, गजेंद्र, अजय एवं अजुद्दी राठौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन सभी से पहले से ही जमीनी विवाद चल रहा था, जिसके चलते मेरे पिता की हत्या इनके द्वारा की गई है।

### मृतक के मुंह में पॉलीथीन भरी हुई थी

इचौका देने वाली बात यह है जब मृतक को पेड़ की टहनी से नीचे उतारा और उसका सफेद कपड़े से ढका मुंह खोला गया तो उसके मुंह में पॉलीथीन भरी हुई थी, जोकि साफ इशारा कर रही थी मृतक की आवाज को दबाया जा सके जिससे उसकी छींखे गांव के लोगों तक न पहुंच सकें।

### मृतक इस्माइल के बेटे ने लगाया हत्या का आरोप

मृतक के छोटे बेटे शरीफ खान ने बताया कि वह गांव में ही खेती करते थे। और रोज की तरह शाम को घर लौट आते थे। परंतु बीती रात वह घर वापस नहीं लौटे जिससे हम सभी उन्हें गांव में ढूंढते रहे। पर वह नहीं मिले उसके बाद सुबह खेत से कुछ ही दूरी पर पेड़ की टहनी पर लटका उनका शव मिला जबकि मेरे पिता मेरे दादा और घरवालों से कह रहे थे। उन्हें कुछ लोग काफी दिनों से परेशान कर रहे है।

### मृतक के पास से मिला एक नोट

यह समस्त घटना क्रम एक असमंजस्य की स्थिति में बना हुआ है। एक ओर देखने पर स्थिति ऐसी लग रही थी जैंसे मृतक ने फांसी लगाई हो, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे तथ्य मिले जोकि इशारा करते हैं कि युवक को सोच समझकर मारा गया हो और पेड़ की टहनी से लटका दिया हो। सबसे महत्वपूर्ण मृतक के पास से एक नोट मिला है जिसमें बतियागढ़ ब्लॉक के तीन लोगों के नाम लिखे है।

### मौके पर मिले शराब के तीन क्वार्टर

नोट में लिखा गया है कि तुम्हारे द्वारा झाड़ा फूंकी का काम फ्री में किया जा रहा है, जिससे उनका नुकसान हो रहा है और तुम्हारा नाम अब खत्म, परंतु उनके बेटे द्वारा इस नोट को भी निराधार बताते हुए कहा गया कि यह स्वयं का नाम बचाने किसी और के नाम से ऐसा किया गया है। पुलिस तस्दीक के दौरान मौके पर शराब के तीन खाली क्वार्टर, आधी सिगरेट की भरी डिब्बी और मृतक द्वारा पहनी गई शर्ट कई जगह से फटी हुई मिली।

### इनका कहना

मंगलवार सुबह एक फांसी लगाने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद मौके पर जाकर तस्दीक की गई। मृत इस्माइल के परिजनों ने जमीनी विवाद के चलते कुछ लोगों पर आरोप भी लगाए है, जिसकी जांच चल रही है। पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात इसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**प्रिया सिंधी, एसडीओपी पथरिया**



## ग्रीष्मकालीन कराटे प्रशिक्षण शिविर का समापन

▶ 81 बच्चों ने सीखे सेल्फडिफेंस के गुर, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिले पुरस्कार

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** खेल व युवा कल्याण विभाग दमोह द्वारा 1 मई 2026 से 31 मई 2026 तक संचालित ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का समापन श्री पारसनाथ धर्मशाला व 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर तेंदूखेड़ा में हुआ.प्रशिक्षक अनूप सिंह ठाकुर द्वारा 81 बच्चों को कराटे एवं सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया.बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कराटे की बारीकियां सीखीं.समापन समारोह में पुण्योदय शिक्षा एवं जनकल्याण समिति तेंदूखेड़ा के अध्यक्ष अमित जैन एलआईसी का विशेष सहयोग रहा। समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह व सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भागचंद जैन व पूर्व शिक्षक शिखरचंद जैन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तेंदूखेड़ा के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह ठाकुर, शिक्षक मुकेश जैन एवं संदीप जैन मौजूद रहे। अतिथि के रूप में ब्लॉक समन्वयक शैलेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर की संवेदनशील पहल

### दिव्यांग युवक को पेंशन दिलाने की प्रक्रिया शुरू

**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए बताया कि अधिकांश प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित थे, जिनमें नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा तथा अतिक्रमण के मामले शामिल है. उन्होंने जनसुनवाई के दौरान ही संबंधित एसडीएम व तहसीलदारों से चर्चा कर प्रकरणों की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली तथा उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.उन्होने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न समस्याओं का चरणबद्ध व व्यवस्थित तरीके से समाधान किया जा रहा है,ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके.जनसुनवाई में दिव्यांग युवक रवि पटेल उम्र 22 वर्ष पेंशन पात्रता के लिए परिजन आवेदन लेकर पहुंचे थे. जांच के दौरान पाया गया कि रवि पटेल के पास न तो मेडिकल प्रमाण-पत्र था और न ही आधार कार्ड, जिसके कारण उनकी दिव्यांग पेंशन पिछले चार-पांच वर्षों से बंद थी.मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कर युवक को मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत व उनका मेडिकल प्रमाण-पत्र जारी किया.



### गैसाबाद का बेटा बना पुलिस जवान,पन्ना में हुई नियुक्ति

**नवभारत,हटा/दमोह.** गैसाबाद क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि गैसाबाद निवासी बलराम उपाध्याय के छोटे पुत्र अमित उपाध्याय का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ है.चयन के बाद उनकी नियुक्ति पन्ना जिले में की गई है.अमित की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है.उनके चयन पर परिजनों, मित्रों व क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. क्षेत्र के लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है.



# बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट द्वारा बनाई गई दर्शनार्थियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं

**नवभारत,दमोह।** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर में पुरूषोत्तम मास के चलते बड़ी संख्या में दर्शनार्थी दर्शन जलाभिषेक करने के लिए बांदकपुर पहुंच रहे हैं। आगामी 15 जून को द्वितीय ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास की अमावस्या के साथ-साथ सोमवती अमावस्या है।जिसके चलते दर्शनार्थियों के अधिक संख्या में पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट के द्वारा लगातार व्यवस्थाये की जा रही हैं।ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया की दर्शनार्थियों के लिए जल चढ़ाने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।वहीं साफसफाई,ठहरने, पीने के लिये स्वच्छ जल, सहित मंदिर ट्रस्ट के द्वारा समस्त व्यवस्थाएं की गई है। पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन के द्वारा भी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।




### पुरुषोत्तम माह के सोमवार पर बांदकपुर में उमड़ी भक्तों की भीड़, हजारों श्रद्धालुओं ने किए श्री जागेश्वरनाथ के दर्शन

पुरुषोत्तम माह के सोमवार के शुभ अवसर पर श्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और मंदिर समिति के सेवादार मुस्तैद रहे।



### सागर के प्रभारी आईजी ने सपरिवार किए बांदकपुर दर्शन

सागर रेंज के प्रभारी आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला रविवार शाम सपरिवार बांदकपुर पहुंचे और भगवान जागेश्वरनाथ के दर्शन किए.उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की.



### जबेरा में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर समापन

**नवभारत,जबेरा/दमोह.** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण युवा केंद्र जबेरा में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर जिला खेल अधिकारी सैफुल्लाह खान के निर्देशन में ब्लॉक कविता अहिरवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं को कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।शिविर के दौरान प्रतिभागियों को खेलों की तकनीकी बारीकियों, नियमों, फिटनेस तथा अनुशासन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, शारीरिक दक्षता और टीम भावना का महत्व भी समझाया।समापन समारोह में मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निज सहायक ओम प्रकाश महोबिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अजय दुबे, ऋषभ राय, राज राय व रिंकू अहीरवाल सहित अन्य रहें.

# डायल-112 की तत्परता से बचीं घायलों की जान

### सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल को पहुंचाया अस्पताल

**नवभारत,दमोह.** थाना हिंडोरिया क्षेत्र के ग्राम साड़िया में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से समय पर इलाज मिल सका.दिनांक 01 जून 2026 को रात्रि 22:30 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को साड़िया में सड़क हादसे की सूचना मिली.सूचना मिलते ही दमोह डायल-112 कंट्रोल रूम में पदस्थ आरक्षक देवेश तिवारी ने तत्काल एफ्आरवी-15 को रवाना किया.मौके पर आरक्षक 818 नारायण पटेल व पायलट यावर खान पहुंचे. घटनास्थल पर मोटरसाइकिल का अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हुआ था. हादसे में माडिया निवासी भगवान सिंह लोधी पिता हरि सिंह लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।दर्शन करके वापस लौट रहे रमाकांत राय, विवेक गर्ग और महेंद्र तिवारी ने तत्काल सूचना दी।



### पथरिया में दो बाइकों की टक्कर, महिला-बच्ची समेत 4 घायल डायल-112 और 108 एंबुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल



थाना पथरिया क्षेत्र के सासा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक महिला, एक बच्ची और दो पुरुष घायल हो गए.डायल-112 की तत्परता से सभी को समय पर इलाज मिल सका.दिनांक 01 जून 2026 को रात्रि 20:45 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सासा रोड पर हादसे की सूचना मिली.डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिली.




### मंडी में व्यवस्थाएं दुरुस्त किसानों की सुविधा के लिए लगवाए फ्लैक्स

**नवभारत,दमोह.** कृषि उपज मंडी दमोह में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों का पालन शुरू हो गया है.एसडीएम व भार साधक अधिकारी कृषि उपज मंडी सौरभ गंधर्व द्वारा मंडी परिसर में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं.किसानों की सुविधा के लिए मंडी में लगने वाले शुल्क,सीसीटीवी निगरानी,पेयजल,विश्राम गृह आदि की जानकारी देने वाले फ्लेक्स का प्रदर्शन भी कराया जा रहा है. इससे किसानों को मंडी संबंधी जानकारी आसानी से मिल सकेगी और पारदर्शिता बढ़ेगी.

## एसपी कलादगी ने की तीसरी जनसुनवाई

▶ परेशान लोगों ने लगाई गुहार, शराब, चोरी,जमीनी विवाद,दंपति विवाद समेत आए कई मामले

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी की तीसरी जनसुनवाई मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित हुई.जिले भर से आए लोगों ने एसपी श्री कलादगि के सामने अपनी समस्याएं रखीं और कार्रवाई की मांग की.जनसुनवाई में चोरी,जमीनी विवाद,शराब पकड़ने, पति-पत्नी के विवाद, लड़ाई-झगड़े के अलावा अन्य कई मामले सामने आए.पुलिस अधीक्षक के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई शिकायत शाखा अंजलि अग्निहोत्री, महिला थाना प्रभारी फेमिदा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे. जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों के लिए बेहतर टेंट, कूलर और पेयजल की व्यवस्था की गई थी.



### अगले मंगलवार 9 को पथरिया थाने में होगी जनसुनवाई

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देश पर 9 जून 2026, मंगलवार को पथरिया थाने में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। एसपी श्री कलादगि ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं.

### एक नजर में

#### केंद्रीय विद्यालय के आयुष्मान सिंह ने जेईई एडवांस्ड में लहराया परचम, ऑल इंडिया रैंक 8563



**नवभारत,दमोह.** केंद्रीय विद्यालय दमोह के छात्र आयुष्मान सिंह ने जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है.आयुष्मान ने ऑल इंडिया कॉमन रैंक 8563 व ओबीसी एनसीएल कैटेगरी में 2021वीं रैंक हासिल की है. आयुष्मान ने कक्षा 12वीं की पढ़ाई के साथ ही घर पर रहकर जेईई की तैयारी की थी। उन्होंने पहले जेईई मेन भी क्वालिफाई किया था.उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं और बधाइयां मिल रही हैं.आयुष्मान के पिता रतन सिंह लोधी और माता शिक्षक गायत्री लोधी हैं. बेटे की सफलता से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है.



#### जहरीले पदार्थ का सेवन, एक युवती को निर्भया मोबाइल ने कराया जिला अस्पताल में भर्ती

**नवभारत,दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पठानी मस्जिद के पास से सोमवार शाम करीब 8 बजे एक युवती को जहरीला पदार्थ का सेवन कर लेने पर गंभीर हालत में इलाज के लिए निर्भया मोबाइल में पदस्थ आरक्षक महिला सुष्मिता और प्रधान आरक्षक अनिल बसेड़िया ने भर्ती कराया है.जिसका उपचार जारी है,पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाए हैं,जहां पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है.मौके पर हिंदू संगठन के नित्या प्यासी के अलावा और भी टीम पहुंची जिन्होंने युवती से जानकारी ली है.




#### अनुज दुबे का निधन

**कुम्हारी नवभारत।** मुन्ना दुबे के छोटे पुत्र एवं आशुतोष के छोटे भाई अनुज दुबे का मंगलवार को देव लोक गमन हो गया। गांव के मुक्ति धाम में शाम 4 बजे अंत्येष्टि सम्पन्न हुई, जिसमें सभी वर्गों के लोग शामिल रहे।

# घर से बुलाकर ले गए युवक का शव सड़क किनारे मिला

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सनसनी फैल गई.दमोह-जबलपुर रोड पर चौधरी वेयर हाउस के पास सड़क किनारे एक युवक का शव मिला.शव का वीडियो वायरल होते ही पुलिस मौके पर पहुंची.मृतक की पहचान सांगा ग्राम निवासी अजमेर गौड़ के रूप में हुई।

पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम के लिए भेजा.पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया.मृतक की मां आनंद रानी और पत्नी संध्या ने बताया कि रविवार दोपहर 2 बजे एक युवक घर आया था.उसने किसी काम का कहकर दोपहर 3 बजे अजमेर को मोटरसाइकिल से साथ ले गया था.परिजनों के अनुसार वे उस युवक को नहीं जानते.उसने खुद को दोनी ग्राम का निवासी बताया था.अजमेर रविवार से घर नहीं लौटा.सोमवार सुबह उसकी लाश मिलने की जानकारी मिली.पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह हादसा है या हत्या.



# फुटेरा वार्ड-4 में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### परिजनों और दोस्तों ने शव कोतवाली ले जाकर कार्रवाई की मांग की

**नवभारत,दमोह.** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फुटेरा वार्ड-4 में रहने वाले एक 27 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने पर युवक को आनन-फानन में दोस्त,परिजन सोमवार शाम करीब 7-8 बजे के बीच जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत मृत घोषित कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार विष्णु पिता बबलू साहू उम्र करीब 27 वर्ष निवासी फुटेरा वार्ड क्रमांक-4 की मौत हो जाने पर शव सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया था.मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई के उपरांत शव परिजनों को सुपुर्द किया गया,जहां परिजन और दोस्त एंबुलेंस में शव रखकर सिटी कोतवाली ले गए और कार्रवाई की मांग करने लगे।जहां एएसआई अलजार सिंह,साहब सिंह सहित पुलिस ने समझाइस देकर कहा कि निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी.



### चेक बाउंस मामले में न्यायालय ने माना अमानती चेक दुरुपयोग, अभियुक्त को किया दोषमुक्त

**नवभारत,दमोह।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) अनुप्रेक्षा जैन की ने चेक बाउंस के मामले में फैसला सुनाते हुए साक्ष्यों के अवलोकन और सामने आई दलीलों के आधार पर अभियुक्त को दोषमुक्त किया। मामले के संबंध में अभियुक्त की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता अनिल खरे ने बताया कि अभियुक्त संतोष आठ्या पर कोतवाली थाना क्षेत्र के मुकेश कॉलोनी निवासी रतनलाल विश्वकर्मा द्वारा 7 लाख 80 हजार रुपए के चेक बाउंस पर धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मामला बनाया गया था। प्रकरण में परिवादी रतन लाल विश्वकर्मा एवं अभियुक्त संतोष अठ्या दोनो के मध्य काफी अच्छे संबंध और दोनो परस्पर एक दूसरे से परिचित होने के कारण लेन देन होता रहता था।

कार्रवाई | पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने किया खुलासा

# 11 .90 लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में दमोह देहात पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.पुलिस ने 119.95 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत 11,90,000 रुपये है.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक एच आर पांडे के नेतृत्व में 1 जून 2026 को सागरनाका पुलिस चौकी को मुखबिर से सूचना मिली थी.सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल न्यू ब्रिज के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने जबलपुर नाका स्थित कंट्रोल रूम में खुलासा कर बताया थाना दमोह देहात अप. क्र. 347/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार आरोपियों में राजू उर्फराजेन्द्र कुमार मिश्रा उम्र 51वर्ष,निवासी सिविल वार्ड नं.01 शोभानगर दमोह, थाना कोतवाली दमोह व आशुतोष श्रीवास्तव,उम्र 32 वर्ष,निवासी गोविन्द बिहार कालोनी,थाना गोपालगंज,जिला सागर जप्त सामान 119.95 ग्राम स्मैक पाउडर मय पालीथीन, कीमती करीब 11,90,000 रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.



पुलिस टीम निरी.अमित गौतम,उप निरी. विक्रम दांगी, सउनि अकरम खान, प्र.आर. सूर्यकांत पांडेय, प्र.आर. संजय पाठक, प्र.आर. सौरभ टंडन, प्र.आर. राकेश अठ्या, आर.सौरभ जैन का विशेष योगदान रहा.

### तालाब किनारे रेस्क्यू कर एक मोर पकड़ा जंगल में छोड़ा जाएगा

**नवभारत,दमोह.** विगत दिनों विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है.शेष मोरों को सुरक्षित करने के लिए रेस्क्यू टीम लगातार लगी हुई है.वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांड़े के निर्देशन और रेंजर प्रभारी अखिलेश चौरसिया के मार्गदर्शन में वनरक्षक कपिल राज ने ग्राम गुंजी तालाब किनारे तैनात रहकर ग्रामीणों के सहयोग से एक मोर को पकड़ने में सफलता हासिल की है. बताया कि दूसरी मोर को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा.रेस्क्यू किए गए मोर को सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा.क्षेत्र में बचे हुए मोरों की सुरक्षा के लिए वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है.

